तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 27 जून 2024

10 विधायक-कलेक्टर ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों ...



11 सुदूर अंचलों में मना शाला प्रवेश उत्सव





## खबर संक्षेप

### सटेली में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**दुर्गुकोंदल।** प्राथमिक शाला सटेली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें सभी नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा करके निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलम नरेटी ने कहा कि बच्चे हमारे आनेवाले कल के भविष्य है एवं भविष्य के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बलराम तेपरिया एवं ग्राम के पालक सुरेंद्र राना, उमेशवरी, रामबत्ती राना, श्यामा राना, बारला और समस्त शिक्षक प्रधान पाठक जितेन्द्र नायक, सहायक शिक्षक राकेश गावड़े, देवेन्द्र ठाकुर एवं छात्र-छात्राएं समस्त शाला परिवार उपस्थित रहे।

### युवक ने जहर खाया हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम मरोड़ा बांदे निवासी 32 वर्षीय जगतराम पुड़ो पिता अंकालूराम पुड़ो का ईलाज के लिए 25 जून को दोपहर करीबन 3 बजे निजी अस्पताल पखांजुर में भर्ती किया गया था। मरीज ईलाज के दौरान अस्पताल से निकलकर नया बस स्टैंड प्रतीक्षालय के पास मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। पुलिस के अनुसार मृतक के द्वारा जहर का सेवन किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया गया।

### शराब पीने की सुविधा दी, एक युवक पकड़ाया

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत ग्राम इरपानार निवासी 25 वर्षीय मनोज शील पिता स्व. शानू शील को पुलिस ने 25 जून को शाम करीबन 4 बजकर 10 मिनट बजे सेलून दुकान के सामने अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराते हुए पाया गया। पुलिस ने आरोपी को दबोचते हुए आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया।

### प्रवेश चयन परीक्षा तीन व 5 जुलाई को

**कांकेर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिले के नरहरपुर में संचालित 100 सीटर्स शासकीय आदिवासी नवीन बालक क्रीड़ा परिसर में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 04 एवं 05 जुलाई को प्रातः 08 बजे से होगी। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि बालक क्रीड़ा परिसर नरहरपुर में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, हैण्डबॉल एवं तीरंदाजी खेल का प्रशिक्षण विधा विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। राज्य के किसी भी विद्यालय में कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक अध्ययनरत छात्र जिनकी आयु 21 दिसम्बर 2024 को 18 वर्ष से कम हो, वे नवीन बालक क्रीड़ा परिसर नरहरपुर में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली चयन परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। सहायक आयुक्त ने बताया कि अनुसूचित जनजाति के 100 छात्रों का चयन 10 बैटरी टेस्ट से मूल्यांकन किया जाएगा।







**शुभारंभ:** नवप्रवेशी बच्चों का तिलक, पुष्पहार, स्कूल बैग व किताबें देकर स्वागत

# बच्चे खूब पढ़े-आगे बढ़े, देश-प्रदेश जिले के विकास में दें अपना योगदान : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत बुधवार को जिले के सभी स्कूलों का शिक्षा सत्र प्रारंभ हुआ। जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन जगदलपुर विकासखंड के ग्राम साड़गुड़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में जगदलपुर विधायक किरण देव की मुख्य आतिथ्य में किया गया।

- जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन ग्राम साड़गुड़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक देव ने शाला प्रवेशोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि सभी बच्चे खूब पढ़े, आगे बढ़े, सुशिक्षित बनकर नौकरी या अच्छा व्यवसाय करें और देश-प्रदेश, जिले के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सरकार की प्राथमिकता वाले विषय है, इन पर कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, इनका लाभ लें। कार्यक्रम में देव ने साड़गुड़ स्कूल परिसर में सायकल स्टैंड बनाने की भी घोषणा की। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा कक्षा पहली, छठवीं और नवमीं के नवप्रवेशी बच्चों का तिलक, पुष्पहार, स्कूल बैग और किताबें देकर स्वागत किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर 2024-25 का विमोचन और परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने स्थानीय हल्बी बोली में सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। गणवेश, पाठ्य पुस्तक, मध्यान्ह भोजन इत्यादि के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई करने प्रोत्साहित किया जा ⏭ शेष पेज 10 पर



### 160 नए बालवाड़ी केंद्र होंगे शुरू

साथ ही जिले में 290 बालवाड़ी केन्द्र संचालित है, इस वर्ष 160 नवीन बालवाड़ी केन्द्र शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा सत्र में बस्तर जिले में शिक्षा को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ ही नये आयामों को प्राप्त करने में सफल होंगें। कार्यक्रम के उपरांत अतिथियों ने पौधारोपण किया और स्कूल में आयोजित न्योता भोजन में बच्चों के साथ दोपहर का भोजन किया। इस अवसर पर गणमान्य जनप्रतिनिधि, क्षेत्र के जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, एसडीएम भरत कौशिक, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, शिक्षा विभाग जनपद पंचायत के अन्य अधिकारी सहित बड़ी संख्या में शाला प्रवेशी स्कूली बच्चे और उनके पालक उपस्थित रहे।

# पुणे के विशेषज्ञों ने तीरथगढ़ जलप्रपात का किया सर्वे





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नैसर्गिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के तीरथगढ़ जलप्रपात में अब ग्लास ब्रिज का निर्माण होने जा रहा है। तीरथगढ़ जलप्रपात में अब पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए देश का तीसरा सबसे बड़ा ग्लॉस ब्रिज बनने जा रहा है। इसके लिए हाल ही में पुणे की कंपनी ने तीरथगढ़ जलप्रपात का सर्वे किया। अब तक जलप्रपात में ग्लास ब्रिज से पहले बोर किया जाएगा, उसके बाद ब्रिज निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। बताया जा रहा है कि ग्लास ब्रिज पर से गुजरकर अब पर्यटक इस 82 मीटर से ऊंचे जलप्रपात की छटा को निहार सकेंगे। इस पर स्काईवाक करने का आनंद उठाने वालों की वजह से यहां के पर्यटन उद्योग का पंख लग जाएंगे।

- ब्रिज से गुजरकर पर्यटक ऊंचे से जलप्रपात की छटा को निहार सकेंगे

संभागीय मुख्यालय शहर से 35 किलामीटर की दूरी पर स्थित यह मनमोहक जलप्रपात पर्यटकों का मन मोह लेता ⏭ शेष पेज 10 पर

### पर्यटन उद्योग को लगेंगे पंख

मुख्य वन संरक्षक इंद्रावती टायगर रिजर्व एवं क्षेत्रीय निदेशक राजेश कुमार पांडेय एवं कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चुड़ामणी सिंह ने कहा कि बस्तर में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के तीरथगढ़ में इस ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। इसके बनने से यहां के सैलानियों को जलप्रपात और प्राकृतिक नजारों को देखने में आसानी होगी। इस कार्य के लिए पुणे की टीम ने सर्वे कर चुकी है। इस पर स्काईवाक करने का आनंद उठाने वालों की वजह से यहां के पर्यटन उद्योग का पंख लग जाएंगे।

### छत्तीसगढ़ में पहला ग्लास ब्रिज

बस्तर के सुरम्य वादियों में स्थित तीरथगढ़ के आकर्षक जलप्रपात में बनने वाला यह ग्लास ब्रिज छत्तीसगढ़ प्रदेश का पहला होगा। इसके अलावा यह देश का तीसरा ब्रिज होगा। पहला ग्लॉस ब्रिज सिक्किम में तो दूसरा बिहार के राजगीर में है। तीरथगढ़ में कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान और पर्यटन विभाग की ओर से बनाए जा रहे ग्लास ब्रिज में स्काई वॉक कर सकेंगे। इस ब्रिज के निर्माण के लिए पुणे से विशेषज्ञों की टीम सर्वे शुरू कर चुकी है।

# बिजली की लचर व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस ने जमकर बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा बिजली विभाग की लचर व्यवस्था व मेंटेनेंस के नाम पर चल रही मनमानी से जनता को हो परेशानियों को देखते हुए बुधवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पॉवर हॉउस में धरना व विरोध प्रदर्शन कर जमकर हल्ला बोला।

- कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

कांग्रेस अध्यक्ष श्री मौर्य ने धरना प्रदर्शन के दौरान कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से विद्युत की समस्या शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रो में पूरी तरह से चरमरा गई है।विद्युत कम्पनी के अधिकारी को मांगपत्र सौपते बिजली व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त करन शासन और प्रशासन को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि 20 प्रतिशत दर बढ़ाने व विद्युत की विस्तारीकरण के बावजूद भी शहर सहित पूरे प्रदेश में समस्या बनीं रहना चिंता की बात है। विद्युत समस्याओं के लिए भाजपा सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। उन्होंने बिजली विभाग को व्यवस्था में सुधार के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है, अन्यथा कांग्रेस जनता के हित के लिए उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन व बिजली विभाग की होगी। इस दौरान प्रदेश संयुक्त महामंत्री शंकर राव, नेता प्रतिपक्ष उसदयनाथ जेम्स, उप नेताप्रतिपक्ष राजेश राय वरिष्ठ कांग्रेसी अंगद प्रसाद त्रिपाठी, गौरनाथ नाग, हनुमान द्विवेदी, पार्षद विक्रम सिंह डांगी, रशीद खान, बी. ललिता राव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, रविशंकर तिवारी, जाहिद हुसैन, अल्ताफ ⏭ शेष पेज 10 पर



### भाजपा के जनप्रतिनिधि सुविधा दिलाने में नाकाम

श्री मौर्य ने कहा शहर की जनता को उनकी मूलभूत सुविधाओं में से एक बिजली की समस्या से निजात दिलाने भाजपा के जनप्रतिनिधि पूरी तरह नाकाम साबित हो चुके हैं। जनता की समस्याओं से स्थानीय विधायक को कोई मतलब नहीं है। आगे आने वाले मानसून को देखते हुए स्थानीय विधायक को बिजली की इस भीषण समस्या से जनता को छुटकारा दिलाना चाहिए। पूरी गर्मी भर लोगों को बिजली गुल व मेंटेनेंस के नाम पर हुई भारी कटौती का सामना करना पड़ा और यह सिलसिला आज भी लगातार जारी है। अगर स्थानीय विधायक जनता की समस्या का निराकरण नही कर सकती तो तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**जगदलपुर**
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

**नारायणपुर**
मो. 9407740955, 9131893124

**कोण्डागांव**
मो. 7000312486, 9131893124

**सुकमा**
मो. 9425260296, 9131893124

**दंतेवाड़ा**
मो. 9425592636, 9131893124


**बीजापुर**
मो. 9131893124

# मेंटनेंस के चलते कंपनी का बकाया वसूली अभियान ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विद्युत कंपनी इन दिनों बारिश से पूर्व उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विद्युत लाईन का मेंटनेंस किया जा रहा है। इसके चलते कंपनी का बकाया का वसूली अभियान ठंडे बस्ते में चला गया है। वर्तमान में उपभोक्ताओं पर लगभग डेढ़ अरब रुपए का बिजली बिल बकाया है, पर मेंटनेंस के कारण सहायक, कनिष्ठ अभियंता कर्मचारियों के साथ सुधारने में जुटे होने के चलते वसूली नहीं हो पा रही है। एई, जेई के अनुसार बारिश एवं अंधड़ से पेड़ एवं वृक्षों के डगाल लाइन में गिरने से तार टूटने से कर्मचारियों के साथ स्थल में पहुंचना पड़ रहा है। इसलिए लाइन का मेंटनेंस किया जा रहा है। साथ ही बुधवार को 11 केव्ही हाटकचोरा फीडर का मेंटनेंस किया, इससे 6 घंटे बिजली बंद रही। जिससे अनुकूलदेव, विवेकानंद वार्ड, एयरपोर्ट ⏭ शेष पेज 10 पर

- मानसून में फ्यूज कॉल को सुधारने में जुटे विद्युत कर्मी





खबर संक्षेप



## एसडीपीओ ने नए कानूनों के बारे में दी जानकारी

**फरसगांव।** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनिल कुमार विश्वकर्मा द्वारा बुधवार को फरसगांव जनपद के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन कर स्थानीय जनप्रतिनिधि,अधिकारी और कर्मचारियों को 1 जुलाई से देश में लागू होने वाले नए कानूनों भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023,भारतीय न्याय संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 (भारतीय प्रकिया संहिता, भारतीय दंड संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम) की जानकारी दी गई। कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशानुसार उन्होंने कानूनों के बारे में बताया। इस दौरान एसडीएम अशवन कुमार पुसाम, थाना प्रभारी नरेश साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तिलक लगाकर नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत



**फरसगांव।** जिले के सभी 1983 विद्यालयों में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें जिले में जिला स्तर, ब्लाक स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोंडागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश जिलेभर में कार्यक्रम हुए। इसी कड़ी में फरसगांव क्षेत्र के ग्राम काबोंगा के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में नवप्रवेशी बच्चों के लिए शालाप्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे फरसगांव एसडीएम अशवन कुमार पुसाम ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व फुलमाला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही बच्चों को पाठ्य पुस्तक, शाला गणवेश का वितरण भी किया गया। एसडीएम ने स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया।

## 53 श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए हुए रवाना



**कोण्डागांव।** रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम के लिए कोण्डागांव जिले के 53 श्रद्धालुओं का पहला जत्था मंगलवार को रवाना हुआ। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने आंबेडकर चौक में हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं से भरे दो वाहनों को रवाना किया। इस अवसर पर सुश्री उसेंडी ने श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन के लिए इस यात्र के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालुओं का यह दल दुर्ग रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए विशेष ट्रेन से बुधवार को सुबह रवाना होगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश के 18 से 75 वर्ष तक के स्थानीय निवासियों को जीवन काल में एक बार अयोध्या में स्थित रामलला के दर्शन के लिए शासकीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना राज्य शासन द्वारा लागू किया गया है। इसी क्रम में जिले के सभी जनपद पंचायत नगर पंचायत एवं नगर पालिका कोण्डागांव क्षेत्र के श्रद्धालु सहित एस्कॉर्ट दल के सदस्यों ने यात्रा पर प्रस्थान किया।

# दक्षिण-पश्चिम मानसून बस्तर में भी हो गया सक्रिय, होगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर में बुधवार को सुबह से दोपहर तक आसमान खुला रहा और चटक धूप भी निकली। इसी की वजह से दोपहर तक तामपान 34.2 डिग्री तक जा पहुंचा और लोग गर्मी से हलाकान रहे। पारा आज सामान्य से 4 डिसे अधिक दर्ज किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.3 डिसे अधिक होकर 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि शाम को मौसम में एकाएक बदलाव हुआ और आसमान में काले बादल छा गए। दोपहर तक आद्रता जहां 74 प्रतिशत आंका गया,वही शाम होते इसमें वृद्धि होकर 92 प्रतिशत जा पहुंचा। साथ ही देर शाम से हल्की बारिश का दौर प्रारम्भ हुआ और रात तक जारी रहा। इधर मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानियों ने सेटेलाइट से मिले डाटा के मुताबिक वायुमण्डल में द्रोणिका और चक्रवात तैयार होने की पुष्टि की है। जिसकी बजह से आने वाले घण्टो में अंचल में बारिश के आसार बढ़ गए है। मौसम विज्ञानी एचपी चन्द्रा के मुताबिक वायुमण्डल में एक द्रोणिका मध्य गुजरात से पूर्वी विदर्भ तक 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है।

## वायुमण्डल में बने सिस्टम से मानसून की परिस्थियां अनुकूल

### एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़

मौसम विज्ञानी एचपी चन्द्रा के मुताबिक वायुमण्डल में बने सिस्टम के चलते गुरुवार को प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है।भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ रहने की संभावना है। अगले पांच दिनों तक अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना बनी हुई है। एक जुलाई से वर्षा की मात्रा बढ़ने की सम्भावना है।



### गरज-चमक के साथ बारिश

एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका उत्तर-पश्चिम राजस्थान से मणिपुर तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी तथा उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर 1.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में गुरुवार को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

**आयोजन :** जिले के सभी स्कूलों में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

# विधायक- कलेक्टर ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का फूलमाला व तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के सभी 1983 विद्यालयों में बुधवार को हर्षोल्लास से शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कोंडागांव जिला मुख्यालय के जामकोटपारा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में किया गया। विधायक सुश्री लता उसेंडी, कलेक्टर कुणाल दुदावत सहित जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर और फूल माला पहनाकर किया। इसके साथ ही नवप्रवशी बच्चों को पाठ्य पुस्तक, शाला गणवेश, स्कूली बस्ता और सायकल का वितरण भी किया गया।

■ स्वामी आत्मानंद स्कूल जामकोटपारा में जिलास्तरीय कार्यक्रम

इस अवसर पर विधायक सुश्री उसेण्डी तथा कलेक्टर श्री दुदावत सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी–कर्मचारियों ने शाला प्रांगण में पौधरोपण किया। उन्होंने इसके साथ ही बच्चों को नेवता भोज में खीर पुड़ी, छोले की सब्जी, चावल, सलाद, पापड़ इत्यादि स्वादिष्ट भोजन भी परोसा। कलेक्टर ने इस अवसर पर जिले में कुपोषण को समाप्त करने के लिए नेवता भोज में अधिक से अधिक सहभागिता के लिए कोंडागांव जिलावासियों से भी अपील की।




### खूब मन लगाकर पढ़ें और जीवन में सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचें : उसेण्डी



विधायक सुश्री उसेंडी ने सभी बच्चों का नए शिक्षा सत्र में प्रवेश पर स्वागत करते हुए कहा कि वे खूब मन लगाकर पढ़ें और जीवन में सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि सफलता के खुले आसमान में खूब ऊंची उड़ान उड़ें और क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि स्कूली जीवन में भरपूर मेहनत करें और उसके पश्चात सफलता का आनंद लें। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन स्तर को सुधारती है और शिक्षा से ही हमारी पहचान बनती है। हम शिक्षा पाकर अपना और देश का भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी को अपने शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए करेंगे कार्यः कलेक्टर

कलेक्टर श्री कुणाल दुद्दावत ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों का नए शिक्षा सत्र में उल्लासपूर्ण वातावरण में प्रवेश हो, इसके लिए पूरी तैयारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि नए शिक्षा सत्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया जाएगा, जिससे बच्चे हर क्षेत्र में आगे रहें। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि पूरे जिले में प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में आज शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर नेवता भोज का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य जनसहभागिता से कुपोषण को दूर करना और बच्चों का पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इसके लिए जिला और विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर कुपोषण को दूर किया जाएगा। और स्वस्थ कोंडागांव जिला बनाकर इसके विकास को गति दी जाएगी। इसके इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने भी संबोधित करते हुए बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल, कोंडागांव नगर पालिका के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुश्री निकिता मरकाम, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक सहित जनप्रतिनिधिगण एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी–कर्मचारी व स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## हायर सेकंडरी स्कूल मयूर डोंगर में मना प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के मयूर डोंगर हायर सेकेण्डरी स्कूल में एक गरिमामय आयोजन कर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों को कुमकुम को तिलक लगा कर फूलो का गुलदस्ता दिया गया। इसके बाद इन बच्चों को निशुल्क पुस्तक वितरण किया गया। आयोजन की समाप्ति पर बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चे पालक व ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। अपने उदबोधन में सभी वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि जीवन में शिक्षा का स्थान सबसे उपर है। शिक्षा जीवन में एक नया उजाला लेकर आती है। नयी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में कई कदम उठा रही है जिससे प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का स्तर उच्च हो सके। 6 से 14 साल के बच्चों को शतप्रतिशत शिक्षा दिलायी जा सके। आयोजन में जनपद सदस्य परमेश्वर नेताम सरपंच श्रीमती सगरवती नेताम, रामूराम , श्रीमती मनकाय नेताम, परमानन्द वैध, दिलीप कष्यप, मनारूराम कष्यप, कु चंद्र रेघा, श्रीमती सुकलदई नेताम, राजूराम मरकाम, तुलेश्वर नाग, संजीव तालुकदार, दिलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, श्रीमती रीता प्रधान, दिनेश गंर्धव, जीवनधर नेताम यशवंत देवांगन, जमील खान, मुकेश सेमशन, दुर्गा 'शंकर दीवान, जयमनी सोरी एवं समस्त स्थानीय जनप्रतिनिधि एमएमसी अधिकारीगण महिला समूह पालकगण, गणमान्य नागरिकगण ग्राम पंचायत मयूर डोंगर उपस्थित रहे।

## नव प्रवेशितों को तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन परिसर में हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य आतिथि दीपेश अरोरा जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी विशिष्ट अतिथि जसकेतु उसेण्डी उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद्, कोण्डागांव श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव पार्षद, श्रीमती बबली नाग एवं पोल्टू चौधरी के द्वारा सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र का अनावरण किया गया एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर सरस्वती वंदना की स्तुति की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार नायक द्वारा किया गया। नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं का अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। साथ ही निःशुल्क पाठ्य सामग्री, गणवेश वितरण किया गया। मुख्य अतिथि दीपेश अरोरा द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षा सत्र के प्रथम दिन शाला प्रवेशोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। साथ ही विद्यालय में बच्चों के हित में सभी प्रकार की सुविधा उपलबध करवाने का आष्वासन भी दिया गया। जसकेतु उसेण्डी उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव के द्वारा छात्र हित में विभिन्न प्रकार के सुविधा मुहेया उपलब्ध कराने का आष्वासन दिया गया। आज न्यौता भोज का कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेन्द्र नाथ पाण्डे जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा कोण्डागांव, मनोज दुबे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव, एनसीसी अधिकारी राजेश पाण्डेय, कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर नेताम, वरिष्ठ व्याख्याता जयन्त मजुमदार, वरिष्ठ प्रधान अध्यापक निर्मल कुमार शार्दुल एवं श्रीमती बेबीमाला गायकवाड, सुश्री रेखा ठाकुर व्यायाम शिक्षक बी0जॉन, व्याख्याता राधेष्याम मांझी, श्रीमती नीरू सिंह, श्रीमती ममता लकड़ा, श्रीमती भोमेष्वरी मरकाम, श्रीमती मृदुला गायकवाड, कु0 दीपलता मरकाम, धर्मेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, मो0 युसुफ, गुमान सिंह पोटाई, आदि उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता राजेश पाण्डेय द्वारा किया गया। मंच संचालन श्रीमती शांति कौशल ने किया। एनएसएस के स्वयंसेवकों मनीष वट्टी, मुकेश कोर्राम, सुजर नेताम, लोकेश देवांगन, रामनाथ, यश देवांगन, वनिता मण्डावी, निशा पाण्डेय, एलिशा नेताम आदि का विशेष योगदान रहा।

## माकड़ी विख. में जोन स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में उमड़े बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है शालाओं में नवप्रवेशी बच्चों को दाखिला दिलाने के लिए सभी शालाओं में जोर–शोर से कार्यक्रम चल रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर जिला कोण्डागांव एंव जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव के निर्देशानुसार सभी विद्यालयों में 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को शत प्रतिशत प्रवेश दिलाने व पूर्व सत्र में शाला से बाहर हुऐ बच्चों को पुनः विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए विकासखण्ड माकड़ी जोन स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन कृषि मण्डी प्रांगण माकड़ी में किया गया। जिसमें माकड़ी जोन के सभी विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाऐं, नवप्रवेशी बच्चें जनप्रतिनिधि, पालकगण शाला विकास समिति के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों को न्यौता भोजन कराया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल माकड़ी तथा नयापारा माकड़ी के संकुल समन्वयकों तथा शिक्षक–शिक्षिकाओं का योगदान रहा। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम बीईओ राजू साहू एवं बीआरसी ताहिर अहमद खान, स्वाति नेताम तहसीलदार, एबीओं श्रीराम तारम, एवं सखाराम वट्टी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर वंदन गीत से किया गया। तदउपरांत शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नवप्रवेशित के लिए बच्चों को कैप पहनाकर तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ से शाला प्रवेश के लिए हार्दिक स्वागत किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत प्राथमिक एवं माध्यमिक के बच्चों को निःशुल्क पाठ्पुस्तक एवं दो जोड़ी गणवेश, कम्पास बाक्स, पेन स्कूल बैग प्रदाय किया। मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों के द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को प्रदाय किया गया।



### बच्चे नियमित रूप से आये स्कूल

मुख्य अतिथि मोतीबाई के द्वारा उद्बोधन में नव प्रवेशित बच्चों को नियमित रूप से स्कूल जाने की बात कहीं एवं उनके पालक को बच्चे के स्कूल भेजने में सहयोग एवं नियमित स्कूल भेजने को कहा। शिक्षकों को गांव के बच्चों को नियमित स्कूल लाने के लिए शाला विकास समिति का सहयोग लेने एवं पालक से सम्पर्क करने को कहा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोतीबाई नेताम जनपद अध्यक्ष माकड़ी, विशेष अतिथि गौतम साहू जनपद उपाध्यक्ष, हेमलाल वट्टी सरपंच माकड़ी, संजू पोयाम, संजू ग्वाल, चन्दन साहू, ललित पोयाम, रामकुमार कष्यप, गंगाराम मांझी, अंतुमांझी, कुलदीप नेताम उपस्थित रहे।

**जिले के दर्जनों जर्जर स्कूलों में न तो शौचालय और ना ही पानी की व्यवस्था**

# जर्जर स्कूलों में शिक्षकों ने बच्चों समेत मनाया शाला प्रवेश उत्सव

राजेश दास ⏭ जगदलपुर

जिले में बुधवार को शाला प्रवेशोत्सव को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा जा रहा था। लेकिन पिछले कई सत्र से जर्जर स्कूलों में विद्या अध्ययन कर रहे बच्चों को उम्मीद थी कि इस वर्ष वहां पढ़ना नहीं पड़ेगा। स्कूलों की मरम्मत कर ली गई होगी। लेकिन इससे उलट जिले के दर्जनों स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव से पूर्व शिक्षा विभाग द्वारा न तो मरम्मत कराया गया और न ही बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक वर्ष नए सत्र में स्कूलों के रखरखाव के लिए लाखों रूपए खर्च किए जाते है लेकिन मरम्मत कागजों में ही हो रहा है। आज शाला प्रवेशोत्सव के दौरान हरिभूमि ने जिले के अलग अलग ब्लाकों में ऐसे ही स्कूलों का निरीक्षण किया। कुछ स्कूलों के बाहर रंगाई पोताई की गई थी तो कई स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव के दिन ही बंद तालों को खोला गया था। जिला मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर जगदलपुर ब्लॉक के नगरनार प्रायमरी स्कूल के निरीक्षण के दौरान यहां अव्यवस्था साफ नजर आई। वर्तमान में भी स्कूल पूरी तरह जर्जर अवस्था में है। स्कूल परिसर में न तो साफ सफाई की गई है और न ही स्कूल की मरम्मत की गई है। मौके पर







मौजूद शिक्षक ने बताया कि इस सत्र में दो कमरे का नया भवन बनकर तैयार है। जिसमें बच्चों को पढ़ाया जाएगा। बच्चों की संख्या 110 से अधिक होने से पंचायत के सामुदायिक भवन में भी कक्षाएं लगेगी क्योंकि पुराना स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर स्थिति में है। यहां छत से सीमेंट के टुकड़े गिर रहे हैं और खिड़की व दरवाजे भी गायब हैं। इसी तरह तोकापाल ब्लाक मुख्यालय स्थित परपा प्रायमरी स्कूल का ताला भी बुधवार को ही खोला गया। इससे पूर्व न तो जर्जर भवन की मरम्मत की गई और ना ही बच्चों के बैठने के लिए साफ सफाई की गई थी। स्कूल की टूटी बाउण्ड्री के गेट में लगा ताला पिछले सत्र के बाद से ही नहीं खोला गया था है। स्कूल के आसपास मौजूद बच्चों ने बताया कि स्कूल बाहर से ठीक दिखता है लेकिन अंदर से भवन जर्जर अवस्था में है यहां शाला प्रवेशोत्सव से एक दिन पूर्व तक न तो भवन की मरम्मत की गई है और न ही साफ सफाई।

बारिश के दिनों में पूरे स्कूल परिसर में पानी भर जाता है जिससे जीव जन्तुओं का खतरा बना रहता है। इसी तरह तोकापाल के रानसरगीपाल प्रायमरी स्कूल की बात करें तो बाहर से भवन ठीक ठाक है लेकिन अंदर छतों से पिछले सत्र में भी पानी टपकता था और छत से छड़ छोड़कर सीमेंट के टुकड़े गिरते रहते हैं।

### डिलमिली में टपकते पानी में बच्चे करते हैं विद्या अध्ययन

दरभा ब्लॉक के डिलमिली पंचायत की बात करें तो यहां के डिलमिली टू स्थित छेपड़ापारा प्रायमरी स्कूल पूरी तरह जर्जर अवस्था में है। भवन के छतों से पानी टपकता है जिसे इस सत्र में भी मरम्मत नहीं किया जा सका है। ग्राम प्रमुखों ने इसकी शिकायत पूर्व में भी बीईओ, सीईओ व जनप्रतिनिधियों से कर चुके है लेकिन इस सत्र में भी स्कूल जस की तस है। जिले के अलग अलग ब्लाकों में ऐसे दर्जनों स्कूल है जिसकी इस सत्र में भी अब तक मरम्मत नहीं कि जा सकी है जिससे कभी भी गंभीर हादसा से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### सभी बीईओ को दिए गए निर्देश

जिले के लगभग 257 जर्जर स्कूल भवनों के मरम्मत के निर्देश दिए गए थे और मरम्मत कार्य पूर्णता की ओर है। जिन स्कूलों का शाला प्रवेशोत्सव से पूर्व मरम्मत नहीं किया जा सका है उनकी मरम्मत करने सभी बीईओ को निर्देश दिया गया है जो जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

- **बलीराम बघेल,** जिला शिक्षा अधिकारी, बस्तर

## पेज 9 के शेष

### बच्चे खूब पढ़े-आगे....

रहा है। उन्होंने बच्चों के माता-पिता और पालकों से प्रत्येक बच्चे को स्कूल अवश्य भेजने का आग्रह किया। वहीं बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें अपने गांव-क्षेत्र का नाम रौशन करने की समझाइश दी।

स्थानीय भाषा में भी अध्ययन सामग्री तैयारः कलेक्टर- कार्यक्रम में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 के नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ किया जा रहा है। बस्तर विविध बोलियों एवं संस्कृति से समृद्ध क्षेत्र है। यहां के स्थानीय बोलियों को शिक्षा का माध्यम बनाने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर स्थानीय भाषा में शिक्षण हेतु हल्बी, भतरी, गोंडी में कक्षा पहली एवं दूसरी की अध्ययन सामग्री तैयार किया गया है। जिले में 8 पीएमश्री विद्यालय सर्व सुविधाओं के साथ संचालित है, इस वर्ष 6 विद्यालयों का प्रस्ताव भी शासन को प्रेषित किया गया है। जिलें में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक शैक्षणिक तकनीकी माध्यमों से ऑनलाइन पाठ्यक्रम अनुसार पढ़ाई की सुविधा करने के प्रयत्न किया जा रहा है। इसके लिये विषयवार विशेषकर भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी के पाठ रिकार्डिंग मोड में तैयार कर विद्यालय एवं छात्रों को उपलब्ध कराये जायेंगे, ताकि विद्यार्थी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा अर्जित कर सके। कलेक्टर ने बताया कि प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिये एवं समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति हेतु शिक्षकों के लिये अकादमिक, प्रशासनिक कैलेण्डर निर्मित कर शालाओं को दिया जा रहा है, जो मॉनिटरिंग में भी मदद करेगा। जिले के विद्यालयों में विभिन्न कारणों से शाला त्यागी बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ने के लिये रणनीति तैयार कर कार्य प्रारंभ किया है। इस वर्ष भी कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले सभी 7072 छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र जारी करने का लक्ष्य है। आंगनबाड़ी के बच्चों को आमचो चिन्हारी योजना के तहत गत वर्ष 23 हजार बच्चों को जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया है, शेष को जल्द जारी किया जाएगा।

### पुणे के विशेषज्ञों ने ....

है। पर्यटक इसकी मोहक छटा में इतने खो जाते हैं कि यहां से वापिस जाने का मन ही नहीं करता। मुनगाबहार नदी पर स्थित यह जलप्रपात चन्द्राकार रूप से बनी पहाड़ी से 300 फीट नीचे सीढ़ी नुमा प्राकृतिक संरचनाओं पर गिरता है, पानी के गिरने से बनी दूधिया झाग एवं पानी की बूंदों का प्राकृतिक फव्वारा पर्यटकों को मन्द-मन्द भिगो देता है। छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है, यहां अनेकों खूबसूरत झरने हैं, उन्हीं में से एक झरना तीरथगढ़ जलप्रपात है, जो सबसे ऊंचा जलप्रपात है।

### बिजली की लचर ....

उल्ला खान, अजय बिसाई, महेश द्विवेदी, असीम सुता, सायमा अशरफ, निकेत झा, शेख सद्दाम रजा, गौतम पाणिग्राही, आदित्य बिसेन, अंकित सिंह, विशाल खम्बारी, पंकज केवट, शादाब अहमद, एस नीला, पापिया गाईन, सलीम जाफर, लव मिश्रा, आभास महंती, ईश्वर बघेल, ज्ञानेश्वरी जाधव, लोकेश चौधरी,अयाज खान, अल्फाज खान, अल्ताफ खान, आशय अग्रवाल सहित युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल सहित अन्य प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मेंटनेंस के चलते ....

के पीछे, ज्योती नर्सरी, काली मंदिर, आम बगीचा, होमगार्ड, महर्षि आश्रम, रामायण किराना, बत्तक गोदाम, सिंचाई कॉलोनी, रेलवे स्कूल, बोधघाट थाना चौक एवं आस पास के क्षेत्र प्रभावित रहे।

डीई को दिए निर्देशः विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र के सभी कार्यपालन अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे फ्यूज कॉल के साथ-साथ बकाया की वसूली भी करें। इसमें लापरवाहों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### अनुसूची क्षेत्र में स्थानीय भर्ती का लाभ मिले: फूलचंद



**बीजापुर।** स्थानीय भर्ती को लेकर नई सरकार को, भाजयुमो नेता फूलचंद गागड़ा ने ज्ञापन के माध्यम से ध्यानाकर्षण करवाने की बात कहते हुए स्थानीय भर्ती पर व्यवस्था बनाने की मांग मुख्यमंत्री से की है। बीजापुर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के माध्यम से भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फूलचंद गागड़ा ने मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय भर्ती किये जाने की मांग करते हुए आज ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा है कि 2012 में भाजपा सरकार बस्तर और सरगुजा संभाग के आदिवासी युवाओं को स्थानीय भर्ती में प्राथमिकता में लाभ का व्यवस्था बनाया था। जिसका लाभ क्षेत्र के युवाओं को सीधा-सीधा मिला करता था। परन्तु दायर याचिका के चलते माननीय हाइकोर्ट ने इसे शिथिल कर दिया है और उस समय की कांग्रेस सरकार की ओर से इसके बचाव में आवश्यक कदम नही उठाया गया। साथ ही मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने वीडियो जारी कर कहा था कि भाजपा की सरकार बनने पर स्थानीय भर्ती की जाएगी। इसलिये आज यहां के आदिवासी युवाओं भाजपा और साय सरकार की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। इसलिए जल्द ही इस ओर उचित व्यवस्था बनाया जाना जाए, ताकि होने वाली भर्तियों में स्थानीय युवा को लाभ मिले। बस्तर और मैदानी क्षेत्र में काफी असमानता है। जिससे यहां के बेरोजगार युवा प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं, इसलिए व्यवस्था बनाकर अनुसूची क्षेत्र में स्थानीय भर्ती में प्राथमिकता आदिवासी युवाओं को दिया जाए।

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक



**बीजापुर।** जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने सभी विभागों की साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। जिसमें शाला प्रवेश उत्सव, तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान, वार्ड परिसीमन, नियद नेल्लानार योजना के तहत कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। आगामी विधानसभा के मद्देनजर अधिकारियों को मुख्यालय न छोड़ने का निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कुपोषण की जानकारी ली एवं आंगनबाड़ियों में पौष्टिक भोजन बच्चों को उपलब्ध कराने के साथ पोषण की स्थिति में सुधार लाने का निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टर, कर्मचारी, मेडिकल स्टॉफ को नियमित उपस्थिति के साथ रात के समय में भी उपस्थित रहने का निर्देश दिए। मलेरिया मुक्त अभियान के लिए सुदूर इलाकों में मितानिनों द्वारा शिविर निकालकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मानसून को देखते हुए कलेक्टर ने गड्ढे और नालों की सफाई करने एवं दवाई छिड़काव करने का निर्देश दिए। बस्तर क्षेत्र में आदिवासियों के मुख्य आय का स्त्रोत तेन्दूपत्ता होता है। 27 जून को बीजापुर जिले में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान किया जायेगा। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को राशि वितरण शिविर कार्यक्रमों में अधिकारी को स्वयं उपस्थित होकर पारदर्शिता के साथ नगद भुगतान करने की बात कही। नियद नेल्लानार योजना के तहत बीजापुर जिले में हो रहे विकास कार्यों में प्रगति लाने की बात कलेक्टर ने कही। उन्होंने आधार कार्ड, किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना, लर्निंग लाइसेंस, पीएम विश्वकर्मा, उज्जवला, महतारी वंदन योजना जैसे विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर, हितग्राहियों तक ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने का निर्देश दिए। कलेक्टर ने तिमेड़ और भद्रकाली संगम में घाट बनाने की बात कही, जिससे ग्रामीणों को सुविधा हो, लोगों को बैठने के लिए व्यवस्थित जगह मिल सके।

## मिचनार में सरपंच ने लगाया टीका, कराया प्रवेश, ग्रामीणों में भी दिखा उत्साह

# सुदूर अंचलों में मना शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के ग्राम पंचायत मिचनार 2 में शिक्षा सत्र 2024-25 में 6 से 14 वर्ष के कोई भी छात्र-छात्रा शाला प्रवेश से वंचित न रह जाए, इसको लेकर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं शिक्षकों के द्वारा किया गया जागरूकता कार्य प्रवेश उत्सव के दिन देखने को मिला।

जहां पालक अपने बच्चों को प्रवेश दिलवाने स्कूल तक लेकर आए। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला गंवर छापर मिचनार में ग्राम सरपंच पाण्डों पोडियामी के मुख्य आतिथ्य में प्रवेश उत्सव मनाया गया। जहां सरपंच ने टीका लगाकर नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिलवाया। उन्होंने बच्चों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का भी वितरण किया। इस अवसर पर सरपंच ने उपस्थित पालकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने का आग्रह भी किया।




**प्रवेश बाद हुआ न्योता भोज**

*शाला प्रवेश उत्सव में ग्राम पंचायत मिचनार की सरपंच पाण्डों पोडियामी एवं पंच मासे मण्डावी, चेतू राम मण्डावी के द्वारा बच्चों को स्वादिष्ट भोजन करवाया गया एवं मिष्ठान भी खिलाया गया। इस प्रकार के आयोजन से लोगों में खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर प्रधान पाठक नवल किशोर तिवारी, शिक्षक शैलेन्द्र तिवारी, सीएसी यमुनेश्वर आचार्य, गोवर्धन बघेल, हालेश हीड़को, ग्रामीण लालो पोडियामी, मंगतू राम पोडियामी, रामधर यादव, मोहन कवासी, कुमे बाई, सुकड़ी पोडियामी, कुमे मण्डावी, बैसु मंडावी, जटेल पोडयामी, सुकडी पोडयामी, राजू कश्यप, चैतु मंडावी, जोगाराम पोयाम, नारायण पोडयामी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी।*



**बच्चों ने लगाया पौधा**

*शाला में बच्चों के दाखिला के बाद पालकों ने बच्चों से एक-एक पौधा लगवाया और नियमित रूप से पौधे की देखरेख करने की शपथ भी दिलवाई। सरपंच ने भी इस कार्य की प्रशंसा की।*

### हर्षोल्लास के साथ मना शाला प्रवेश उत्सव



**देऊरगांव।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला देऊरगांव संकुल पोटानार विकासखण्ड तोकापाल जिला बस्तर में आज शाला प्रवेश उत्सव वर्ष 2024-25 बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसके अंतर्गत नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर, पाठ्य-पुस्तक, गणवेश, कॉपी, पेन, स्लेट, पेंसिल, इत्यादि वितरण कर शाला प्रवेश करवाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत देऊरगांव की सरपंच प्रेमिका कश्यप, पंच गण नीलधर सेठिया, शंकर सेठिया, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष फरसु राम सेठिया, प्रधान अध्यापक अब्दुल मतीन कुरैशी, शिक्षक गण धर्मेंद्र कुमार कुमेटी, आशुतोष बाजपेई एवं समस्त शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं पालक गण उपस्थित थे।

### खरियागुड़ा स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव



**लोहंडीगुड़ा।** विकासखंड लोहंडीगुड़ा के उच्च प्राथमिक शाला एवं प्राथमिक शाला खरियागुड़ा में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। साथ में न्योता भोज भी करवाया गया। जिसमें गांव की सरपंच तथा जनप्रतिनिधि, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, चित्रकोट की पंच के साथ ग्रामवासी खरियागुड़ा और एसएमसी के सदस्य उपस्थित हुए। जिनके हाथों सभी बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात बच्चों को चॉकलेट, बिस्कुट, स्कूल यूनिफार्म एवं शासन द्वारा प्रदत्त निशुल्क पुस्तक वितरित किया गया।

## सेजेस बस्तर में मना शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

ग्रीष्मावकाश के बाद 26 जून से सभी स्कूल खुल गए हैं। बस्तर ब्लॉक के अधीनस्थ संचालित 345 प्राथमिक, 143 माध्यमिक 29 हायरसेकंडरी व 22 हाईस्कूल भी आज से खुल चुके है। सभी शालाओं में जनप्रतिनिधियों, पालकों, एसएमडीसी के सदस्यों तथा नवप्रवेशित बच्चों की उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करते हुए दाखिला दिलाया जा रहा है। साथ ही शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक शाला में न्योता भोजन का भी विधिवत आयोजन किया गया है।




जिसमें सभी उपस्थित सदस्य बच्चों के साथ बैठकर भोजन किए। इसी अवसर पर आज सेजेस बस्तर में भी शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि मनीराम कश्यप जिला पंचायत उपाध्यक्ष थे। साथ ही वरिष्ठ नागरिक रामा नन्द मिश्रा, मंडल अध्यक्ष उदबो राम नाग, नगर पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, अनुविभागीय अधिकारी एके राणा, तहसीलदार जॉली जेम्स, सेजेस के अध्यक्ष डॉ.व्हीएस राजपूत, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील कुमार तिवारी व संस्था के प्राचार्य मनोज सिंह सहित सभी स्टाफ व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने अपने-अपने उद्बोधन में नवप्रवेशित बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए शुभकानाएं दी।

## तिलक लगाकर किया बच्चों का स्वागत



जगदलपुर। नये शिक्षा सत्र 2024-25 के अंतर्गत भगत सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला व भगत सिंह माध्यमिक शाला में आज शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें बच्चों का स्वागत अभिनंदन तिलक लगाकर किया गया। छग शासन समग्र शिक्षा योजना अंतर्गत जिला कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार व खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में आज शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को पुस्तकों का वितरण किया गया। नया गणवेश पाकर बच्चे प्रसन्न नजर आए। एक नए उत्साह में अपने शैक्षणिक प्रगति को लेकर बच्चों में हर्ष, उमंग देखने को मिला। इस अवसर पर प्राचार्य विनिता बेंजमिन, प्रधान अध्यापिका यास्मीन खान, पुरूषोत्तम पांडेय सीएसी व समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे। शाला प्रवेशोत्सव के विशेष अवसर पर बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया।

### बच्चों ने लिया न्योता भोज का आनंद



**जगदलपुर।** शहर के भगत सिंह स्कूल में आज शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। स्कूल खुलने के पहले दिन बच्चो ने न्योता भोज का आनंद लिया। न्योता भोज आबिद खान के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर प्रधान अध्यापिका यास्मीन खान एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### नव प्रवेशित बच्चों का शिक्षकों ने किया सम्मान




**नकुलनार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआंकोंडा में आज हर्ष उल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता रामबाबू सिंह गौतम, पूर्व विधायक प्रतिनिधि शिव शंकर सिंह चौहान, विधायक प्रतिनिधि मंगल बघेल, कुआकोंडा सरपंच लच्छू राणा उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगा कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही बच्चों को गणवेश एवं पुस्तक का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में बीआरसी मेहतर कश्यप, सीएसी धीरेंद सिंह गौतम, संकुल प्राचार्य कुलदीप चौहान, सेजेस प्राचार्य प्रिंस एक्का, शिक्षक-शिक्षिका, पालक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण



**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत हाटगुड़ा के सेजेस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटगुड़ा (हिन्दी मीडियम) में वर्ष 2024-25 की शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं शाला परिवार की ओर से शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नव प्रवेशी एवं पूर्व प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष पदलाम नाग, सांसद प्रतिनिधि चमेली जिराम, विधायक प्रतिनिधि रूपेश समरथ, स्थानीय जनप्रतिनिधि गोवर्धन, संस्था के प्राचार्य समीर रंजन साहा, व्याख्याता फ्लोरेनसिया खालको, सुबीर घोष, नीता चंदेल, हुस्ना परवीन, नवलकांत झा, गणेशवती नेताम, सारिका यादव, सरिता भदौरिया, रश्मि देवांगन, लक्ष्मी पटेल सहित बड़ी संख्या में पालक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## नवीन न्याय संहिता का करें व्यापक प्रचार-प्रसार : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज : सुकमा

कलेक्टर हरिस.एस ने नवीन न्याय संहिता के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रचार करने पर जोर देते हुए कहा कि जिले के नगरीय निकायों सहित सभी हाट-बाजारों में आम लोगों को नवीन न्याय संहिता की जानकारी देकर जागरूक किया जाए। कलेक्टर हरिस.एस ने मंगलवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के द्वारा 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नवीन न्याय संहिता के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई।

कलेक्टर ने जिले में राजस्व विभाग में लंबित प्रकरण को तय समय-सीमा में निराकृत करने और त्रुटि सुधार हेतु प्राप्त आवेदनों को 15 दिवस के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही जाति-निवास प्रमाण पत्र हेतु शिक्षा विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग को जिले में शेष लोगों का राशनकार्ड बनाकर तय सीमा में वितरण करने को कहा। उन्होंने जिले में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर सिग्रिगेशन सेंटर में डिस्पोज करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही नगरीय निकाय अधिकारियों को वार्डों में नियमित रूप से फिल्ड में रहकर साफ-सफाई कराने पर जोर दिया। जिले में एसबीएम के तहत प्रगतिरत निर्माण शेड को पूर्ण करने को कहा। साथ ही ओडीएफ में प्लस की दिशा में काम करने को कहा। कलेक्टर ने कहा विकसित छत्तीसगढ़ हेतु सभी अपने-अपने सुझाव अवश्य देवें। कृषि केवाईसी, आधार सीडिंग हेतु लम्बित प्रकरण जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जुलाई 1 से संपूर्णता अभियान को लेकर आकांक्षी जिला सुकमा एवं आकांक्षी ब्लॉक कोंटा में एएनसी पंजीयन, गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार का प्रदान करना, स्वाइल हेल्थ कार्ड का वितरण करना, सेकेण्डरी स्कूलों में विद्युतीकरण एवं अन्य मापदण्डों में जुलाई से सितम्बर माह तक शत-प्रतिशत करने के साथ ही जिले में स्कूलों में एक माह में सभी स्कूलों में पाठ्य पुस्तक वितरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिले में संचालित नियद नेल्ला नार योजना के तहत चिन्हांकित ग्रामीणों के शत-प्रतिशत आधार पंजीयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 26 जून से नया शिक्षण सत्र प्रारंभ हो रहा है।

जिले में निर्माण एवं मरम्मत कार्य पूर्ण हो चुके स्कूलों में, एक सप्ताह के भीतर नए स्कूल भवनों में संचालित करने को कहा। उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव के सम्बंध में शिक्षा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। पीडीएस, आंगनवाड़ी भवन और स्कूल निर्माण कार्य की जानकारी। आवास योजना, आवास निर्माण कार्य बाधित न हो इसके लिए बारिश के पूर्व आवश्यक सामग्री पहुंचाने को कहा, ताकि आवास के हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित हो सकें। जुलाई माह के लिए पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न भण्डारण करने को कहा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, जल जीवन मिशन, क्रेडा, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागीय की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, अपर कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर, एडीशनल एसपी अभिषेक वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों व स्कूली बच्चों की उपस्थिति में धूमधाम से मना शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

ग्रामीणजन व स्कूली बच्चों की उपस्थिति में बुधवार को शाला प्रवेशोत्सव का आगाज हुआ। 26 जून को प्राथमिक शाला सरपंच पारा कोशलनार में आयोजित स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच रघु पदामी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक थलेश ठाकुर ने की। प्रवेश उत्सव और स्कूल फिर चले अभियान की शुरूआत मुख्य अतिथि ने सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया।

इस मौके पर नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। साथ ही मीठे रसीले आम खिलाकर मुंह मीठा किया गया। शासन के निर्देशानुसार नवप्रवेशी बच्चों को मुख्य अतिथि ने पुस्तक और गणवेश का वितरण भी किया। इस मौके पर ग्रामीण और बच्चों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए पूर्व सरपंच ने कहा कि गांव के लोग जागरूक होंगे और बच्चों को नियमित स्कूल भेजेंगे, तभी शिक्षा के स्तर में सुधार आएगा। केवल शिक्षकों पर दोषारोपण करने से कुछ हासिल नहीं होगा। अक्सर सुदूर गांवों के अभिभावक अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर गंभीर नहीं होते हैं। शिक्षकों को घर-घर जाकर बच्चों को पाठशाला तक लाने की नौबत आती है। इससे शिक्षकों का समय बर्बाद हो जाता है और शाला संचालन में भी परेशानी आती है।

उन्होंने समझाईश दी कि अभिभावकों की जिम्मेदारी बनती है कि वो अपने बच्चों को समय पर



नियमित स्कूल भेजें। साथ ही स्कूल में प्रतिदिन शिक्षक कौन सा होमवर्क दे रहे हैं, क्या पढ़ा रहे हैं, इसकी जानकारी लेते रहे। यदि शाला की ओर से बच्चों की प्रगति के लिए मीटिंग बुलाई जाती है, उसमें शामिल होकर सुझाव दें। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि पढ़ने-लिखने की उम्र में उनका बचपन ना छीने, बल्कि शिक्षा का अवसर देकर भविष्य को उज्जवल बनाऐं। शिक्षक थलेश ठाकुर ने बताया कि अब स्कूलों में स्कूल रेडीनेस, नवाजतन और एफएलएन के तहत नए पैटर्न में खेल एवं गतिविधि आधारित शिक्षा दी जाएगी। नई शिक्षा नीति के अनुसार पहली के बच्चों के लिए अभ्यास पुस्तिका संस्थाओं को उपलब्ध कराया गया है। इससे नवप्रवेशी बच्चों को सीखने में सहुलियत होगी। ठाकुर ने कहा कि समाज और देश की तरक्की के लिए सभी लोगों का शिक्षित होना जरूरी है। 80-90 के दशक तक स्कूल और अन्य मानव संसाधन की कमी थी। आज स्थिति में काफी सुधार हुआ है। पंचायत हो या आश्रित ग्राम, हर जगह स्कूल खोले गए हैं। आदिवासियों की शिक्षा पर तो सरकार खास ध्यान दे रही है। इनके लिए आवासीय विद्यालयों की सुविधा है जो निशुल्क है। कई सरकारी इंस्टीट्यूट है, जहां आदिवासियों को आईएएस, आईपीएस जैसे अखिल भारतीय सेवाओं के लिए कोचिंग दी जाती है। यहां तक की मेघावी छात्रों के लिए वजीफे का भी प्रावधान है। शिक्षक ठाकुर ने अफसोस जताते हुए कहा कि इतनी सहूलियत मिलने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान नही देते हैं। प्रायमरी स्कूल में मुफ्त गणवेश, पुस्तक, बालिका छात्रवृत्ति और आवासीय विद्यालय से लेकर आगे उच्च शिक्षा तक सरकार हर स्टेज में आदिवासियों की शिक्षा के लिए कार्य कर रही है। इसलिए ग्रामीणों को इसका लाभ उठकर अपने बच्चों का भविष्य संवारना चाहिए। प्रवेशोत्सव में गणवेश और पाठ्य पुस्तक मिलने पर नवप्रवेशी बच्चे काफी खुश नजर आए। पहली बार स्कूल आने तथा शाला परिवार की ओर से अभिनंदन किए जाने की खुशी उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी। इस मौके पर 4 बालिकाओं का दाखिला कराया गया।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव

दरभा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दरभा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन आज किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजीव सिंह राठौर, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, सुरेश कुमार सिंह, महादेव नाग, शेख तौफीक संकुल समन्वयक, मदन गोपाल काछी प्राचार्य, सरिता धर वाइस प्रिंसिपल, अंजली उपाध्याय, मिडिल एचएम रचना सिंह बैस, प्राइमरी एचएम एवं समस्त शिक्षक गण द्वारा सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित किया गया। सभी मुख्य अतिथियों द्वारा अपने विचारों को व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं के मंगल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्राचार्य मदन गोपाल काछी ने सामान्य दिशा निर्देश शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राओं को दिए। शाला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, पालकों एवं समस्त स्टाफ के लिए न्योता भोज का भी व्यवस्था किया गया था। उत्सव के समापन के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक वितरण मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### देवीचन्द बने समग्र जैन समाज के प्रदेश संयोजक

**जगदलपुर।** समग्र जैन समाज को संगठित करने जैनों की एक विश्व स्तरीय संस्था स्थापित की गई है, जिसका अंतराष्ट्रीय मुख्यालय धर्मनगरी उज्जैन में है। संस्था जैनों के विभिन्न संप्रदायों को संगठित कर एक मंच में लाने प्रयासरत हैं। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक के रूप में देवीचंद संचेती को नियुक्त किया गया है। देवीचंद को प्रदेश सयोंजक बनाये जाने पर जैन समाज मे हर्ष व्याप्त है।

### नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर किया स्वागत



**जगदलपुर।** पूर्व माध्यमिक शाला भैरमगंज में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों को सहायक संचालक मधू वर्मा के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया। साथ ही बच्चों को गणवेश वितरण भी किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम में बच्चों को आज न्योता भोजन में शिक्षिका आरती रानी जैन के द्वारा बच्चों को भोज कराया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधान अध्यापिका मनीषा महापात्र, शिक्षिका मालती साव, आरती रानी जैन, शिक्षक ताहिर शेख, ऋषभ व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### ग्रामीण शालाओं में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के ग्राम पंचायत बड़े धराऊर में शिक्षा सत्र 2023- 24 में 6 से 14 वर्ष के कोई भी छात्र छात्रा शाला प्रवेश से वंचित न रह सके इसको लेकर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं शिक्षकों के द्वारा किया गयाजागरूकता कार्य प्रवेश उत्सव के दिन दिखाई दे रहा था। जंहा पालक अपने बच्चों को प्रवेश दिलवाने स्कूल तक लेकर आए। प्राथमिक बड़े धराऊर में पत्रकार प्रकाश रावल के मुख्य आथित्य में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। रावल ने टीका लगाकर नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को प्रवेश दिलवाया। उन्होंने बच्चों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का भी वितरण किया। उन्होंने उपस्थित पालकों से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रधान अध्यापकपिका यशोदा मंडावी सहित पालक गण उपस्थित थे।

# जिले के 77 श्रद्धालु रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए अयोध्या धाम

## विधायक और कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

राज्य शासन के श्री रामलला दर्शन योजनान्तर्गत जिले के 77 श्रद्धालु मंगलवार को श्री रामलला दर्शन के लिए जय श्रीराम उद्घोष के साथ अयोध्या धाम रवाना हुए। इस मौके पर विधायक जगदलपुर किरणदेव सहित कलेक्टर विजय दयाराम के. और अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय टाऊन हॉल परिसर में हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं के बस को रवाना किया। इस दौरान श्रद्धालुओं को श्रीराम अंकित अंग वस्त्र पहनाकर उन्हें श्री रामलला दर्शन हेतु बधाई दी गई।

इस अवसर पर विधायक किरणदेव ने श्रद्धालुओं को श्री रामलला दर्शन हेतु बधाई देते हुए कहा कि वर्षों से भगवान श्रीराम के दर्शन की जो आस मन में थी,वह सपना आज पूरी हो रही है। राज्य सरकार की इस अनूठी योजना से भगवान श्रीराम के दर्शन करने जाने का अवसर सभी श्रद्धालुओं के लिए सौभाग्य है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को एक-दूसरे का ख्याल रखकर साथ में दर्शन कर सकुशल तीर्थयात्रा की कामना की। इस मौके पर कलेक्टर विजय दयाराम के.ने श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए कहा कि देश के



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य शासन की श्री रामलला दर्शन योजनान्तर्गत जिले के 77 श्रद्धालुओं को श्री रामलला दर्शन करने जाने का यह सुअवसर उनके मन की मुराद को पूरी कर रही है। सभी हंसी-खुशी जाएं और रामलला का दर्शन कर पुण्य कमाकर आएं। कलेक्टर ने बताया कि इस योजनान्तर्गत 87 श्रद्धालुओं के लक्ष्य के विरुद्ध 77 को लाभान्वित किया जा रहा है। इन सभी का स्वास्थ्य सम्बन्धी रिकार्ड पहले ही लिया गया है और यात्रा के पूर्व भी मौके पर स्वास्थ्य जांच किया गया है। उक्त श्रद्धालुओं के सहयोगी भी जा रहे हैं। साथ ही प्रशासन द्वारा समुचित देखभाल के लिए कर्मचारियों की नामजद ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने सभी श्रद्धालुओं को सकुशल यात्रा की बधाई देते हुए कोई भी दिक्कत होने पर अपने सहयोगी एवं कर्मचारियों से तुरंत सम्पर्क करने का आग्रह किया। इस दौरान अवगत कराया गया कि जिले के इन श्रद्धालुओं का जत्था बस्तर एवं दुर्ग संभाग के श्रद्धालुओं के साथ दुर्ग रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन के जरिए सीधे अयोध्या धाम प्रस्थान करेगा। टाऊन हॉल में श्रद्धालुओं को रवाना करने के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे तथा अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## आत्मानंद विद्यालय तोकापाल में शाला प्रवेश उत्सव में बच्चे झूमे-नाचे

# विद्यार्थियों का तिलक व फूलमाला पहनाकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल में शैक्षणिक सत्र का बुधवार को शानदार तरीके से शाला प्रवेश उत्सव के रूप में प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण उपस्थित थे।

शाला प्रवेश उत्सव के पहले ही स्कूल को शानदार तरीके से सुसज्जित किया गया था। इसमें संस्था के सभी शिक्षक- शिक्षिका एवं विद्यार्थियों ने अपना उत्साह पूर्वक योगदान दिया। शाला प्रवेश उत्सव के समय प्रमुख रूप से खंड शिक्षा अधिकारी तोकापाल पूनम सलाम, खंड स्रोत समन्वयक अजय शर्मा, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी तरुण ठाकुर, सीएसी कमलेश कश्यप प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कक्षा पहली के विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य कक्षा में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का भी स्वागत किया गया। सभी को तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर एवं खिलौने तथा



पेन प्रदान किया गया।

कक्षा पहली के विद्यार्थियों के हाथों की प्रिंटिंग ड्राइंग शीट में रंगों से लिया गया।शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से संपन्न करने के लिए संस्था के उप प्राचार्य इरम रहीम, अर्पणा सिंह, राजीव सिंह, सोनाक्षी मजूमदार, स्वाति लवंग, नीलम भास्कर, श्रीदेवी सिंह, सरिता यादव, रुपिंदर कौर स्नेहा श्रीवास्तव, काजल यादव, लता जोशी, प्रीति साइमन, अपर्णा मिगलानी, तनय घोष, मोहनीश पांडे, नीता शुक्ला, इंद्र राज सोनवानी, ज्योत्सना कश्यप, रूमा निकहत, पंकज मूर्ति, महेश सोनी, जयदेव मौर्य, लेसिना देवांगन, शकुंतला बघेल एवं कुंती का महत्वपूर्ण योगदान था।

### विद्यार्थियों ने किया नृत्य

विद्यार्थियों के द्वारा नृत्य की प्रस्तुति की गई। मध्यान भोजन में खीर पुरी रखा गया था। नवप्रपेशी बच्चों के लिए समाजसेवी अनिल लुंकड़ के द्वारा बच्चों के लिए खिलौने तथा स्थानीय पालक सेलिना सैमुअल,राकेश सैमुअल की ओर से पेन प्रदान किया गया था। विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक भी प्रदान किया गया। संस्था के प्राचार्य विधु शेखर झा ने बताया कि हमारी संस्था के द्वारा उच्च स्तरीय शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। हमारे सभी योग्य शिक्षक शिक्षिकाएं मेहनत करते हुए संस्था हित में कार्य कर रहे हैं। इसी का परिणाम है, कि हमारी संस्था का विद्यार्थी पृथ्वी नाग दसवीं बोर्ड परीक्षा में जिला में तीसरा स्थान पर 95.5 प्रतिशत के साथ तृषा ठाकुर एवं समग्र जैन दोनों ने 93 प्रतिशत से अधिक कक्षा दसवीं में हासिल किया है। कक्षा 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसके पीछे विद्यार्थी, उनके अभिभावक और शिक्षक शिक्षिकाओं की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। आज के विद्यार्थियों की उपस्थिति बताती है कि सभी शाला आने के लिए कितने व्याकुल हैं।

## गौवंश के अंतिम संस्कार के लिए मिली एक एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गौवंशों की मौत के बाद अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम की मांग सनातन क्षेत्रिय मंच ने कलेक्टर से की थी। सोमवार को विलोरी पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा सर्वसम्मति से एक एकड़ जमीन देने प्रस्ताव पास किया गया। सक्षम द्वारा इसके लिए काफी समय से जमीन की मांग की जा रही थी।

- सक्षम ने कलेक्टर से की थी गौवंश के लिए मुक्तिधाम की मांग

सक्षम सयोंजक अविनाश सिंह गौतम ने बताया कि बस्तर कलेक्टर से गौवंश मुक्तिधाम की मांग काफी अरसे की जा रही थी जिसके लिए बिलोरी ग्राम पंचायत द्वारा 1 एकड़ जमीन देने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर दिया गया है। गौरतलब है कि सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) ने बीते 3 फरवरी को कलेक्टर को आवेदन देकर मृत गौवंशों के शवों के अंतिम संस्कार के लिए जमीन देने की मांग की थी। सक्षम ने बताया था कि सनातन धर्म में गौवंशों को मां का दर्जा दिया जाता है। ऐसे में किन्हीं कारणों से गौवंशों की मौत के बाद उनके अंतिम संस्कार के लिए बस्तर जिले में कोई भी व्यवस्था नहीं है। ऐसे में शवों को यहां-वहां दफना दिया जाता है या खुले में फेंक दिया जाता है जिससे उनके शवों को चील-कौवे व कुत्ते नोंच देते हैं। ऐसे में गौवंशों के शवों के अंतिम संस्कार के लिए जमीन की मांग की गई थी।

सक्षम की मांग व कलेक्टर की पहल पर ग्राम पंचायत बिलोरी में सरपंच उमन बघेल की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से गांव की वन भूमि कम्पार्टमेंट नंबर 1813 में से एक एकड़ जमीन गौवंशों के अंतिम संस्कार के लिए गौवंश मुक्तिधाम विकसित करने देने के प्रस्ताव को पारित किया गया। बैठक में सरपंच उमन बघेल के अलावा पंचगण सरिता, रीना कश्यप, गोमती, सुभाष बघेल, प्रेमवती नाग, संजय बघेल, बूटीराम, लखमू व निलेंद्री ने जमीन देने पर किसी भी तरह की कोई आपत्ति नहीं होने की बात कही। इसके बाद सरपंच उमन बघेल ने कलेक्टर व डीएफओ को पत्र लिखकर उनसे गौवंश मुक्तिधाम के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पारित करने के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

सरपंच उमन बघेल ने बताया कि गौवंशों के उचित अंतिम संस्कार से जहां गौवंशों को उचित सम्मान मिलेगा, वहीं पर्यावरण प्रदूषण से भी राहत मिल सकेगी।

## नए कानून की जानकारी देने जागरूकता रथ को पुलिस अधीक्षक ने दिखाई हरी झंडी

आपराधिक न्याय प्रणाली के सभी अंगों द्वारा नवीन कानून के अनुरूप की जाएगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर पुलिस द्वारा नवीन कानून के प्रति लोगों को जागरुक करने व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंगलवार को एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश में जनजागरूकता के लिए रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मंगलवार को माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में नवीन विधि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय



नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 विषय पर पोस्टर और रिकॉर्डिंग द्वारा जानकारी देने वाले जागरूकता रथ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समस्त राजपत्रित अधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर विधि जागरूकता रथ को रवाना किया गया। एसपी ने बताया कि 1 जुलाई से आपराधिक न्याय प्रणाली के सभी अंगों द्वारा नवीन विधि के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी। संस्थाओं में कार्यप्रणाली अद्यतन करने के साथ साथ नागरिकों को जागरूक करने के अथक प्रयास किया जा रहा है ताकि न्याय की सुगमता जन जन तक पहुंच सके।

## बिल्डर्स एसोसिएशन ने किया वृहद पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के अघनपुर स्थित न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बुधवार को बिल्डर्स एसोसिएशन के चेयरमेन शंकर लाल गुप्ता द्वारा कालोनी के रिक्त भूमि पर व्यक्तिगत नया गार्डन तैयार किया गया। इसमें विभिन्न नीम, बरगद, आंवला,आम, बेल आदि के पौधे रोपे गए। साथ ही पिछले वर्ष रोपे गए पौधों को भी खाद दिया गया। गत वर्ष 32 पौधे लगाए थे, सभी सुरक्षित हैं, इस वर्ष 14 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर एसोसिएशन




के चेयरमेन श्री गुप्ता सहित अनिल बाफना, बीके चावड़ा, रविश राय, बंटी भदौरिया, तनय चौधरी, गुरूमीत सिंह बदेशा, जे मनोज आदि लगभग 30 बिल्डर्स शामिल रहे।

### पतंजलि योग परिवार के सैकड़ो कर्मकर्ताओं का परिश्रम रंग लाया

# शहर में बनेगा पतंजलि का योग भवन, विधायक ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पतंजलि ने योग अलख के साथ सांस्कृतिक जागरण का अभूतपूर्व अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। योग अंतराष्ट्रीय दिवस पर मुख्य अतिथि विधायक व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने शहर में पतंजलि योग भवन की घोषणा की। गांव से लेकर शहर तक 21 मई से 21 जून तक विविध प्रतियोगिता और आयोजन किया गया। विशेष योग सत्र के साथ योग परिचर्चा प्रोटोकॉल सहित होंगे गीत संगीत, डांस,पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता और स्वच्छता स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम सहित अनेक आयोजन पूरे माह भर किया जिसका दो दिवसीय समापन समारोह वीर सावरकर भवन में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव तथा कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी पूर्व वन विकास निगम विशेष रूप से सम्मलित थे। छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम लगातार दूसरे वर्ष योग आराध्यम 2024 बस्तर सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ में 19 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर 7 दिवसीय विशेष वर्गों





में बांटकर योग सेशन का आयोजन सिरहासार चौक में 14 से 21 जून तक प्रातः 5:30 से 8 बजे तक किया गया। जिसमे सैकड़ो स्वास्थ्य प्रेमी योग साधक भाई बहनों ने बड़ चढ़ कर भाग लिया और जन जन को योग से जोड़ने का संकल्प लिया। विविध आयोजन के तहत विशेष योग सत्र प्रतिदिन बच्चो, बुजुर्गों, अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस जवानों के लिए विशेष योग सत्र आयोजित किए गए। वहीं 15 और 16 जून को गीत संगीत, डांस का ऑडिशन मैत्री संघ में रंगोली, चित्रकला आदि विविध प्रतियोगिताए का आयोजन जूनियर और सीनियर दो वर्गों में 22 और 23 में किया गया। इस आयोजन में नगर के सभी यौगिक, आध्यात्मिक, सामाजिक संस्थाओं को जोड़ा गया, योग आराध्यम 2024 के इस आयोजन में सभी ने बढ़चढ़ कर सम्मलित हुए।

## भुवनेश्वर असेंबली में जगदलपुर इनरव्हील को मिला अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इनरव्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 326 का 39 वां डिस्ट्रिक्ट असेंबली ओडिशा के भुवनेश्वर में 22 एवं 23 जून को संपन्न हुआ। जिसमें बेस्ट प्रेसिडेंट 2023-24, बेस्ट सेक्रेटरी, बेस्ट एडिटर, बेस्ट आई. एस.ओं,बेस्ट ट्रेजरर, बेस्ट मेगा प्रोजेक्ट एवं बेस्ट हैप्पी स्कूल का अवार्ड जगदलपुर को दिया गया। इनरव्हील क्लब जगदलपुर के अध्यक्षा ममता सिंह



राणा एवं सचिव डॉ सरिता थॉमस ने यह अवार्ड भुवनेश्वर में ग्रहण किया। यह अवार्ड डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन रसिका बहादुर के हाथों इनरव्हील क्लब जगदलपुर को दिया गया। इनर व्हील क्लब के अध्यक्षा ममता राणा ने कहा इनरव्हील क्लब से जुड़े सभी सदस्यों की मेहनत का फल है। जिन्होंने हर प्रोजेक्ट को अपना समय देकर अच्छे रूप से कार्य करते हुए प्रोजेक्ट को संपन्न किया। मैं विशेष रूप से डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन रसिका बहादुर का हृदय से धन्यवाद देती हूं जिनके मार्गदर्शन पर हम यह प्रोजेक्ट कर पाए। आने वाले समय में इनरव्हील क्लब जगदलपुर एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

## वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा में छूट देने की घोषणा को अमल में लाएं

**जगदलपुर।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा में पूर्व से मिल रही छूट देकर राहत देने की मांग की। साथ ही परिवहन आयुक्त के पूर्व में जारी किए गए पत्र का हवाला देकर इस पर अमल करने की मांग की।

अध्यक्ष ने जारी बयान में बताया है कि कार्यालय परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ ने अपने पत्र क्र 806 में 16 मई 2024 के संघ को अवगत कराया है, कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए अन्य राज्य सरकारों की तरह 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को एक परिचारक सहित बस किराए में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। किंतु वर्तमान में किसी भी बस संचालक द्वारा इस प्रकार की सुविधा किसी भी वरिष्ठजन को नहीं दी जा रही है ।

संगठन ने माँगपत्र सौंप कर यह माँग की है कि शासन द्वारा प्राप्त सुविधा वरिष्ठ जनों को मिले इस आशय के निर्देश सभी बस संचालकों को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा दिया जाय, जिससे शासन द्वारा प्रदत्त सुविधा का लाभ वरिष्ठ नागरिकों को मिल सके। अध्यक्ष ने यह भी बताया है की ज़िले के जितने भी पेंशनधारी साथी हैं उनकी पेंशन से संबंधित किसी भी समस्या के लिए सिरहासार स्थित बापू की कुटिया में संपर्क कर सकते हैं समस्या के निदान हेतु संघ के पदाधिकारी यथोचित कार्यवाही कर समस्या का समाधान कराने पहल करेंगे। प्रतिनिधि मण्डल में भरतलाल गुप्ता, जगत सिंह ठाकुर, राजेंद्र पांडेय, राजेंद्र सिंह नागे, भुवन सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी संघ के अध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम ने दी है।

